Total no. of printed pages-07

Class -VIII
Annual Examination (2023-24)
Subject – Hindi
Set – A2

Time Allowed: 2.5Hrs **Maximum Marks: 60**

सामान्य निर्देश:-

1. **कृपया जाँच लें कि इस प्रश्न पत्र में प्रश्न संख्या 1 से लेकर 11 है।**
2. **उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।**
3. **उत्तर पुस्तिका में अपना सेट-संख्या अवश्य लिखें।**
4. **इस प्रश्न- पत्र में कुल पृष्ठ संख्या 7 हैं।**

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2+1+1=4)

सन् 1942 के दंगों में पुलिस और सेना की गोलीबारी से मारे गए और घायल हुए लोगों की संख्या के अनुमानित सरकारी आँकड़े के अनुसार 1,028 मरे और 3,200 घायल हुए जनता के अंदाज़ के अनुसार मृतकों की संख्या 25,000 कही जाती है, पर यह संख्या भी संभवतः अतिरंजित है शायद 10,000 की संख्या ज़्यादा सही होगी| यह असाधारण बात थी कि कैसे बहुत से शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में ब्रिटिश शासन खत्म हो गया और उन हिस्सों पर 'दोबारा विजय पाने में' उसे कई दिन और कभी-कभी हफ़्ते लग गए ऐसा विशेष रूप से बिहार में, बंगाल के मिदनापुर ज़िले में और संयुक्त-प्रांत के दक्षिण-पूर्वी ज़िलों में हुआ यह बात ध्यान देने की है कि संयुक्त-प्रांत के बलिया ज़िले में (जिसे दोबारा जीतना पड़ा था) भीड़ के खिलाफ़ शारीरिक हिंसा या लोगों को चोट पहुँचाने की कोई गंभीर शिकायत नहीं है| भारत बहुत बीमार था, तन और मन दोनों से जबकि लड़ाई में कुछ लोग बहुत फूले-फले थे, दूसरों पर बोझ चरम सीमा तक पहुँच गया था और इसकी भयानक स्मृति दिलाने के लिए अकाल पड़ा, दूर-दूर तक विस्तृत अकाल जिसका प्रभाव बंगाल और पूर्वी तथा दक्षिणी भारत पर पड़ा| ब्रिटिश शासन के पिछले 170 वर्षों में यह सबसे बड़ा और विनाशकारी था| इसकी तुलना 1766 ई. से 1770 ई. के दौरान बंगाल और बिहार के उन भयंकर अकालों से की जा सकती है जो ब्रिटिश शासन की स्थापना के आरंभिक परिणाम थे| इसके बाद महामारी फैली, विशेषकर हैज़ा और मलेरिया वह दूसरे सूबों में भी फैल गई और आज भी हज़ारों की संख्या में लोग उसके शिकार हो रहे हैं|

क) लेखक ने अकाल के बारे में क्या कहा है?

ख) सन् 1942 दंगे में क्या हुआ था??

ग) अकाल की तुलना किन भयंकर अकालों से की गई है?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए- (2x1=2)

क) हम लोग <u>रोज़</u> फ़िल्म देखते हैं|

i) समुच्चयबोधक ii) कालवाची क्रियाविशेषण

iii) संबंधबोधक iv) स्थानवाची क्रियाविशेषण

ख) कल विद्यालय बंद रहेगा <u>क्योंकि</u> कल भारत बंद है|

i) समुच्चयबोधक ii) क्रियाविशेषण

iii) संबंधबोधक iv)विस्मयादिबोधक

3. निम्नलिखित में से <u>किसी एक</u> विषय पर 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5

अनुशासन ही जीवन है, समय अमूल्य धन है, आदर्श विद्यार्थी के गुण, वन और पर्यावरण का संबंध

4. अपने इलाके में चोरी की शिकायत करते हुए थानाध्यक्ष को पत्र लिखिए| 5

अथवा

आपकी वार्षिक परीक्षा से पहले आपके चचेरे भाई ने कुछ पुस्तकें भेजी थीं, जिनके कारण आपने बहुत अच्छी तैयारी की और परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त किए। अपने चचेरे भाई को धन्यवाद देते हुए पत्र लिखिए|

5. निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए- 1x8 = 8

क) **'प्रार्थी '** शब्द का स्त्रीलिंग होगा-

i) प्राण ii) प्रथा

iii) प्रार्थिनी iv) पार्थ

ख) **'दवाई'** शब्द का बहुवचन होगा-

i) दवाएँ ii) कवित

iii) कविताएँ iv) दवाइयाँ

ग) **'चिंतित'** का विलोम शब्द है -

i) चिंता ii) निश्चिंत

iii) अंधकार iv) अनावृष्टि

घ) **'मधुर'** शब्द का भाववाचक संज्ञा शब्द है-

i) मधु ii) मम

iii) माधुर्य iv) ममत्व

ड़) **'अतिथि का सत्कार'** इस वाक्यांश के लिए किस एक शब्द का प्रयोग होगा ?

i) अभियुक्त ii) अन्योन्याश्रित

iii) अवैतनिक iv) आतिथ्य

च) **अनेकार्थी शब्द का सही अर्थ चुनिए - 'जीवन'**

i) आशा, सीमा ii) जल, प्राण

iii) स्वामी, ईश्वर iv) जल, शोभा

छ) **श्रुतिसमभिन्नार्थक शब्द के सही अर्थ चुनिए - धरा , धारा**

i) महल, संसार ii) भलाई, बुरा

iii) तुरंत, सहारा iv) पृथ्वी, बहाव

ज) **अर्थ के आधार पर वाक्य के भेद बताइए**- शायद आज बारिश आए|

i) संकेतवाचक ii) संदेहवाचक iii) आज्ञार्थक iv) इच्छार्थक

6.निर्देशानुसार कीजिए-

क) दिए गए उपसर्ग से दो शब्द बनाइए (कोई एक)- अध, कु **1**

ख) दिए गए प्रत्यय से दो शब्द बनाइए (कोई एक)- ता, गर **1**

ग) मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए (कोई एक) - कंधे से कंधे मिलाकर चलना, एक आँख न भाना **2**

घ) दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए (कोई एक)- पक्षी, पवित्र **2**

ड़) संधि-विच्छेद कीजिए (कोई दो)- एकैक, प्रत्येक, नाविक **2**

च) समस्तपद का विग्रह कीजिए और समास का नाम बताइए (कोई एक)- चक्रधर, बाअदब, पाप-पुण्य **2**

7. निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए (4x3=12)

क) "...उन जंजीरों को तोड़ने का जिनमें वे जकडे हुए हैं, कोई-न-कोई तरीका लोग निकाल ही लेते है.."-क्या आप लेखक की इस बात से सहमत हैं? अपने उत्तर का कारण भी बताइए। 'जहाँ पहिया है' पाठ के आधार पर बताइए|

ख) लेखक ने स्वीकार किया है कि लोगों ने उन्हें भी धोखा दिया है फिर भी वह निराश नहीं हैं। आपके विचार से इस बात का क्या कारण हो सकता है? 'क्या निराश हुआ जाए' पाठ के आधार बताइए|

ग) लाला झाऊलाल जी ने फौरन दो और दो जोड़कर स्थिति को समझ लिया।"
आपके विचार से लाला झाऊलाल ने कौन-कौन सी बातें समझ ली होंगी? 'अकबरी लोटा' पाठ के आधार पर बताइए|

घ) घायल होने के बाद भी बाज ने यह क्यों कहा, "मुझे कोई शिकायत नहीं है।" विचार प्रकट कीजिए। आप बाज़ के जीवन से क्या सीख लेना चाहेंगे? 'बाज़ और साँप' पाठ के आधार पर बताइए|

ड़) 'मशीनी युग' ने कितने हाथ काट दिए हैं।' - इस पंक्ति में लेखक ने किस व्यथा की ओर संकेत किया है? 'लाख की चूड़ियाँ' पाठ के आधार पर बताइए|

च) "मैं हर पेड़ को अपना दुश्मन समझ रहा था।" लेखक पेड़ों को अपना दुश्मन क्यों समझ रहा था? 'बस की यात्रा' पाठ के आधार पर बताइए|

8. निम्नलिखित में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए- (2+2=4)

क) कवि ने पक्षी और बादल को भगवान के डाकिए क्यों बताया हैं? 'भगवान के डाकिए' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

ख) “पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए।” पंक्ति में वर्णित भाव का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए। ‘सुदामाचरित’ पाठ के आधार पर बताइए|

ग) ‘तैं ही पूत अनोखी जायौ’ - पंक्तियों में ग्वालन के मन के कौन-से भाव मुखरित हो रहे हैं? ‘सूरदास के पद’ पाठ के आधार पर बताइए|

9. निम्नलिखित प्रश्नों के <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए- (1x3=3)

1.‘शिखर’ शब्द का अर्थ है -

i) नदी ii) पहाड़ की चोटी iii) खोखली जगह iv) अपार

2.‘यकीन’ शब्द का अर्थ है -

i) मुसीबत ii) बनावट iii) विश्वास iv) दिलासा

3.‘ वसुधा’ शब्द का अर्थ है -

i) सुंदर ii) पृथ्वी iii) विस्मित iv) आसमान

10. निम्नलिखित प्रश्नों के <u>सर्वाधिक उपयुक्त</u> विकल्पों का चयन कीजिए- (1x3=3)

1. ‘भगवतीचरण वर्मा’ द्वारा रचित कविता का नाम है -

i) भगवान के डाकिए ii) दीवानों की हस्ती iii) सुदामा चरित iv) कबीर की सखियाँ

2. ‘हरिशंकर परसाई’ द्वारा रचित पाठ का नाम है-

i) बस की यात्रा ii) कबीर की साखियाँ iii) बाज़ और साँप iv) जहाँ पहिया है

3. ‘कामतानाथ’ द्वारा रचित पाठ का नाम है -

i) सुदामा चरित ii) लाख की चूड़ियाँ iii) अकबरी लोटा iv) क्या निराश हुआ जाए

11.निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर सही विकल्प चुनकर दीजिए- **(1x4 =4)**

कबीर घास न नींदिए, जो पाऊँ तलि होइ।
उड़ि पड़ै जब आँखि मैं, खरी दुहेली होइ।

i)कबीर किसकी निंदा नहीं करने को कहते हैं?

क) पड़ोसियों की ख) मित्रों की
ग) कमज़ोर लोगों की घ) धनी लोगों की

ii)कबीर किस काम को बुरा मानते हैं?

क)निंदा करने को ख) घास खोदने को
ग) पैरों तले होने को घ) किसी को नहीं

iii) घास का तिनका किसका प्रतीक है?

क)मध्यम वर्गीय परिवार का ख) पूँजीपति वर्ग का
ग)दु:ख का घ) कमज़ोर और तुच्छ व्यक्ति का

iv) 'दुहेली' शब्द का क्या अभिप्राय है-

क)प्रेम ख) कष्टकारी
ग)पीड़ा घ) ख-ग दोनों

अथवा

मैया, कबहिं बढ़ैगी चोटी?
किती बार मोहिं दूध पियत भई, यह अजहूँ है छोटी।
तू जो कहति बल की बेनी ज्यौं, ह्नै है लाँबी-मोटी।
काढ़त-गुहत न्हवावत जैहै, नागिन सी भुइँ लोटी।
काचौ दूध पियावत पचि-पचि, देति न माखन-रोटी।
सूर चिरजीवौ दोउ भैया, हरि-हलधर की जोटी।

i)कृष्ण को सबसे अधिक क्या खाना पसंद थी?

(क) दूध-भात (ख) दूध-रोटी

(ग) मक्खन-रोटी (घ) उपर्युक्त सभी

ii)'हरि-हलधर' का सही अर्थ _____ है -

(क) कृष्ण-हलधर (ख) कृष्ण-बलराम

(ग) हरि-बलराम (घ) इनमें से कोई नहीं

iii)'मैया कबहिं बढ़ेंगी चोटी' में 'मैया' किसे कहा गया है?

(क) ब्रज की किसी गोपी को (ख) यशोदा को

(ग) देवकी को (घ) इनमें से कोई नहीं

iv) कृष्ण की माँ कृष्ण की भोली बातें सुनकर क्या आशीर्वाद देती हैं?

(क) मथुरा का राजा बनने का (ख) ब्रज में लंबे समय तक राज्य करने का

(ग) खूब उन्नति करने का (घ) चिरंजीवी रहने का